मेडिकल कॉलेज डीन ने मरीजों को गले लगाकर एवं घायल मरीजों को हेलमेट देकर किया डिस्चार्ज

नीमच 1 अक्टूबर (निप्र)। आज सर्जरी विभाग में भर्ती मरीजों को मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अरविंद घनघोरिया ने गले लगाकर डिस्चार्ज किया एवं साथी डॉक्टर्स एवं नर्सेज एवं बम सभी स्टाफ को मरीजों के साथ अच्छा बर्ताव करने का बोला डीन ने सड़क दुर्घटना से घायल मरीजों को हेलमेट देते हुए उन्हे बोला की आगे से हेलमेट लगाकर एवम शराब न पीकर गाड़ी चलाने की सलाह दी, डीन ने सभी मरीजों को ये भी समझाया कि बीमारी से बचना है तो मांस मंदिरा से दूरी रखनी है। डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया ने सभी चिकित्सकों एवम नर्सेज को बताया कि मरीजों का इलाज विनर्मता पूर्वक करें और डिस्चार्ज करते समय प्रसन्न भाव से हाथ जोड़कर या गले लगाकर मरीज को अस्पताल से विदा करें। इस अवसर पर डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के साथ डॉ. ब्रजेंद्र स्वरूप सर्जरी विभाग प्रमुख, डॉ. कुंहाल चौहान निसचेतना विशेषज्ञ, डॉ. निशांत गुप्ता एवम अन्य डॉक्टर्स उपस्थित थे।